रोहतक

बुधवार, 14 मई 2025

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 103
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 41.8
न्यून. 23.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



3 कोहली पहुंचे संत प्रेमानंदजी के दर्शन करने...




**SHOWROOMS: HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **SIRSA** Ph: 9643357807.

पंचकूला में निकाली तिरंगा यात्रा

# पाकिस्तान बेनकाब, हमने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को पंचकूला में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शिरकत की। यात्रा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि आज विश्व के सामने पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब हो गया है कि वह एक आतंकवाद प्रायोजित देश है। आतंकवाद के खिलाफ हमने कार्रवाई की है। हम किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, हम आतंकवाद के खिलाफ हैं। सेना ने पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है।



### विपक्ष अब विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा

एक सवाल के बवाज में मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, विपक्ष अपनी जमीन खो चुका है। विपक्ष ने पहले सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर टिप्पणी की और अब वह ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोकसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे है। जबकि सर्वदलीय बैठक में विपक्ष को ऑपरेशन सिंदूर की पूर्ण जानकारी दी गई।

उद्यमियों से मुलाकात पर बोले मुख्यमंत्री नायब सैनी

# हरियाणा सरकार का लक्ष्य व्यापारियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त करना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के कृषि यंत्र निर्माताओं, प्रगतिशील किसानों तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास 'संत कबीर कुटीर' पर भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हरियाणा के उद्यमियों की सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित करना है। अब व्यापार को देश तक सीमित रखने का समय नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाकर अवसरों का लाभ उठाने का है।



### तंजानिया यात्रा पर जाएगा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल

विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों का एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल जुलाई में तंजानिया यात्रा पर जाएगा। इससे पूर्व भी सरकार के सहयोग से दो व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल तंजानिया की यात्रा करके वहां व्यवसाय की शुरुआत भी कर चुके हैं। उदाहरण के तौर पर, हरियाणा के प्लाईवुड निर्माता तंजानिया से कच्चा माल मंगा रहे हैं, जिससे व्यापारियों को लागत में कमी का लाभ मिला है।

### शिक्षा मंत्री ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। लड़कों की अपेक्षा लड़कियों का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है। प्रदेश की लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं।

**Govt. Girls Sr. Secondary School, Umra (1483)**

**नकारा घोषित सात कमरों की बरामदे समेत बोली सूचना**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरा (हिसार) (विद्यालय कोड 1483) में नकारा घोषित स्कूल के सात कमरों की बरामदे समेत बोली किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक सज्जन बोली में भाग लेने हेतु दिनांकः 28/05/2025 को प्रातः दस बजे स्कूल में आ कर बोली दे सकते हैं। बोली दाता को 50000/- रुपये अग्रिम धरोहर राशि जमा करवानी होगी तथा बोली सफल होने उपरांत शेष राशि उसी दिन अथवा एक सप्ताह के अंदर जमा करवानी होगी।

**प्राचार्या राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरा (हिसार)**

पीआरडीएच 1032/11/98/2026/34739/88/6 दि. 13.05.25

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रैड क्रास सोसायटी, नारनौल द्वारा उप–मण्डल महेंद्रगढ में कैन्टीन, फोटोस्टेट एवं वाहन पार्किंग का ठेका दिनांक 28–05–2025 को ई–आक्शन के माध्यम से दिया जाना है जिसके लिए आवेदन दिनांक 14–05–2025 से आवेदन आमंत्रित है तथा आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 26–05–2025 को सांय 05.00 बजे तक है। ई–आक्शन से संबंधित नियम शर्तों आदि की जानकारी https://eauction.gov.in पोर्टल एवं जिला रैड क्रास सोसायटी, नारनौल की वेबसाईट https://www.redcross-narnaul.org पर भी उपलब्ध है।

**सचिव, जिला रैड क्रास सोसायटी, नारनौल**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रिंस चौहान, पुत्र** बाबू राम, **निवासीः** गाँव पोसरा, जिला सोनीपत, हरियाणा एवं दूसरा निवासः डी–302, गली नं. 11, मंगल बाज़ार रोड, स्वामी श्रद्धानन्द कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली ने **FIR. No. 680/2020 U/s 302/34 IPC. थानाः भलस्वा डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रिंस चौहान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रिंस चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 680/2020 U/s 302/34 IPC. थानाः भलस्वा डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रिंस चौहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुशील कुमार**
**एएसजे-IV, उत्तरी, द्वितीय तल, कमरा नं. 206**
**डिस्ट्रिक कोर्ट रोहिणी, दिल्ली**

**DP/5843/ON/2025 (Court Matter)**

MUNICIPAL COMMITTE, KALANAUR — नगरपालिका कलानौर
E-mail id-secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in — OFF TEL. NO. 01258-299022, 299422

**सार्वजनिक सूचना/मुनादी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए नोटिफिकेशन नं0 9/24/2022-4C-II दिनांक 15.07.2022 द्वारा The Haryana Municipal Advertisement Bye-Laws, 2022 की पॉलिसी बनाई गई है, जिसके तहत नगरपालिका कलानौर द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in/ पोर्टल पर विज्ञापन हेतु ई-निविदा आनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई है, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

| Sr. No. | Description | Start Date & Time | End Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Submission of EMD Amount | 16.05.2025 at 4:00 PM | 02.06.2024 till 5:00 PM |
| 2 | E- Auction Live (Online) | 03.06.2025 at 9:00 AM | 03.06.2025 at 5:00 PM |

विज्ञापन हेतु नीलामी दिनांक हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in/आनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही आयोजित की जाएगी, जो भी व्यक्ति विज्ञापन हेतु यूनिपोल एवं होडिंग की नीलामी में भाग लेने का इच्छुक हो, वह निश्चित तिथि व समय पर आनलाईन पोर्टल के माध्यम से मौके का लाभ उठाए।

**हस्ता/-सचिव**
**नगरपालिका कलानौर**

पीआरडीएच-1078/11/684/2026/34695/C/88/6 दिं. 13.05.2025

## खबर संक्षेप

### कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों से संवाद करेंगे : शिवराज चौहान

**चंडीगढ़।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में देश के 700 से अधिक जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून तक किया जाएगा। इस अभियान का संचालन यमुनानगर जिले में कृषि विज्ञान केंद्र, दामला द्वारा किया जाएगा। इस दौरान गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें खेती से जुड़ी आधुनिक तकनीकों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### अवैध गर्भपात : सप्ताह में 17 एफआईआर दर्ज कर 13 सेंटर सील किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात की प्रथाओं के प्रति जीरो-टॉलरेंस के दृष्टिकोण पर जोर दिया। बताया कि पिछले सप्ताह (6 से 12 मई, ) में एमटीपी किट की अवैध बिक्री को लेकर राज्य भर में 19 छापे मारे गए और 17 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके अलावा, अवैध कार्य पाए जाने पर 13 दुकानों को सील कर दिया गया और 145 एमटीपी किट जब्त किए गए। आरोपियों के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि एसटीएफ के गठन के बाद राज्य में कुल 43 एफआईआर दर्ज की गई हैं, 21 दुकानें सील की गई हैं और 6200 एमटीपी किट जब्त की गई हैं।

### कौशल रोजगार कर्मियों को निकाल रही सरकार

**चंडीगढ़।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को भूलकर भाजपा सरकार जनता पर ही गुर्रा रही है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को कभी जॉब गारंटी देने वाली सरकार निकालने में लगी हुई है, अब मंत्री कह रहे है कि एचकेआरएन के तहत कर्मचारियों को एक साल के कहकर रखा गया। सैलजा ने कहा कि आज सभी को पता चल चुका है कि भाजपा सरकार झूठी घोषणाएं और वादे करने वाली सरकार है। इस सरकार के पास जुमलों के सिवा कुछ नहीं है। इस सरकार ने सभी के साथ विश्वासघात किया है।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

चंडीगढ़। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों, जिनकी आयु 18 वर्ष से कम (31 जुलाई 2025 तक) हो, को ही प्रदान किए जाएंगे।

# समोसे के रुपये मांगने पर झगड़ा गोलियों से भून दुकानदार की हत्या

## गुरुग्राम में वारदात, एसएचओ सहित चार पुलिसकर्मी सस्पेंड किए

- एक दिन पहले झगड़ा करने पर दुकानदार के पिता ने बुलाई थी पुलिस, इसी रंजिश में किया मर्डर
- व्यापारियों ने तीन घंटे तक रखा रोड जाम, दुकानें बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

फर्रुखनगर कस्बा में समोसे के पैसे मांगने के बाद झगड़ा करने को लेकर पुलिस थाना में दुकानदार द्वारा शिकायत दी गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई में ढील बरतने के कारण दुकानदार युवक की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। इस मामले में परिजनों व व्यापारियों ने युवक की हत्या के विरोध में करीब तीन घंटे तक बाजार बंद कर फर्रुखनगर रोड पर ट्रैफिक जाम रखा। इसके बाद पुलिस के अलावा अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने व इस मामले में कोताही बरतने वाले एसएचओ समेत चार पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मृतक राकेश सैनी उर्फ भोलू के भाई तरुण सैनी के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दिए बयान में तरूण सैनी ने बताया कि वह वार्ड-10 बावड़ी कॉलोनी फर्रुखनगर का रहने वाला है। वह दो भाई है। उसके छोटा भाई 28 वर्षीय राकेश सैनी उर्फ भोलू गोल बावडी झज्जर रोड पर सैनी स्वीटस एंड चाय समोसे की दुकान करता था। गत 12 मई को शाम करीब साढे चार बजे अपनी दुकान पर बैठा था। उस समय फर्रुखनगर के पियुष, पंकज, विकास उर्फ तुरी, लोकेश उर्फ मंत्री निवासी ईस्माईलपुर जिला झज्जर व उनके साथ दो अन्य साथी दुकान पर आए।



मृतक राकेश का फाइल फोटो



गुरुग्राम। वारदात स्थल पर लगी लोगों की भीड़।



गुरुग्राम। इस दुकान पर हुई वारदात, जांच करती पुलिस।

### सुबह 10.30 बजे दुकान पर आए युवक

दुकान पर आए युवकों ने राकेश से समोसे मांगे। इस बात पर राकेश ने पैसे मांगे तो उन्होंने पैसे न देकर उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। झगड़ा बढ़ता देख उसके पिता लक्ष्मीनारायण ने 112 कंट्रोल रूम में फोन किया और झगड़े से सम्बंधित शिकायत थाना फर्रुखनगर में दी। इसके बाद मंगलवार सुबह 10.30 बजे सभी लड़के फिर दुकान पर आए और कहने लगे कि हमारे खिलाफ थाने में जो शिकायत दी, हम तुम्हें मजा चखाते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार सभी आरोपियों ने राकेश के साथ मारपीट की और चलते समय पंकज ने उसके भाई राकेश को गोली मारकर हत्या कर दी। सभी हत्या आरोपी हाथों में हथियार लिए हुए और मुझे धमकी दी की पुलिस को दोबारा शिकायत की तो ऐसे ही मारे जाओगो।

### विशेष टीम बनाई

मृतक राकेश को दो गोलियां लगी हैं। पुलिस ने विशेषटीम गठित कर दी है। जल्द ही हत्यारोपियों को पकड लिया जाएगा। इस मामले में कोताई बरतने वाले थाना प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। भविष्य में इस प्रकार की वारदात ना हो, इसके लिए गस्त बढाई जाएगी।

*- सुखबीर सिंह, एसीपी, पटौदी*

### सैनिकों के सम्मान में 14 से 23 मई तक प्रदेश भर में तिरंगा यात्राएं : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। तिरंगा यात्रा के दौरान भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य गाथा को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 14 और 15 मई को लोकसभा स्तर पर तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। 16 और 17 मई को सभी संगठनात्मक 27 जिलों में तिरंगा यात्राएं आयोजित होंगी। 18 मई से 23 मई तक विधानसभाओं, बड़े शहरों व कस्बों में सैनिकों के सम्मान में यात्रा निकाली जाएंगी।



### झूठ बोलकर लिए कौशल कर्मियों के वोट, आते ही नौकरी से हटाया : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में झूठ बोलकर कौशल निगम कर्मियों के सवा लाख परिवारों की वोट ली थी। इसीलिए तीसरी बार सरकार बनते ही कौशल कर्मियों को नौकरी से बाहर करने का सिलसिला शुरू कर दिया। अब 'रोजगार छीनो' नीति के शिकार 252 पीजीटी हुए हैं। कर्मियों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इसके चलते बेरोजगार युवा सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन को मजबूर हैं।



# विस अध्यक्ष से मिले वकील, जल्द सुलझेगा न्यायिक परिसर के निर्माण का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

घरौंडा न्यायिक परिसर के मामले में वकीलों के एक शिष्टमंडल ने हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से करनाल के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने नए न्यायिक परिसर की विधान सभा अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए वहां के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। वकीलों ने कोर्ट की समस्याओं से विधान सभा अध्यक्ष को डीसी उत्तम सिंह की मौजूदगी में अवगत करवाया। विधान सभा अध्यक्ष ने वकीलों के शिष्टमंडल की बात गंभीरता से सुनी और प्रशासन को निर्देश दिए कि योजनाबद्ध तरीक़े से वकीलों व आमजन को सुविधाएं प्रदान करने का कार्य करें ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। इस मौके पर घरौंडा एसडीएम, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



### डीसी को व्यवस्था बनाने के निर्देश

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व घरौंडा न्यायिक परिसर में निर्माण को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के मामले में हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने डीसी उत्तम सिंह को पत्र लिखकर पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा था। इस मामले में वकीलों के शिष्टमंडल ने भी विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया, जिसके बाद डीसी की मौजूदगी में हरविन्द्र कल्याण द्वारा वकीलों की बात सुनकर घरौंडा के नए न्यायिक परिसर में सही व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि मामले को सुलझाया जाएगा।

**कार्यालय उपायुक्त यमुनानगर**

**नीलामी नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला यमुनानगर में लघु सचिवालय परिसर जगाधरी में स्थित फोटोस्टेट मशीन काउंटर को सुचारू रूप से चलाने के लिए इसको किराये पर देने हेतु इनकी नीलामी दिनांक 20.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे लघु सचिवालय, परिसर जगाधरी के कमरा नं0 203 में की जायेगी। इन ठेको की अवधि वर्ष 2025-26 (01.06.2025 से 31.03.2026) वा वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027) तक के लिए होगी। इच्छुक बोलीदाता नीलामी में भाग लेने के लिए निलामी तिथि 20.05.2025 को प्रात 10:30 बजे तक अपना आवेदन भरकर तथा फोटोस्टेट मशीन काउंटर के लिए मु0 50,000/- रू0, का डिमाण्ड ड्राफ्ट उपायुक्त यमुनानगर के नाम बनाकर सिक्योरिटी राशि के रूप में लघु सचिवालय परिसर जगाधरी के प्रथम तल कमरा न0. 215, नजारत शाखा में जमा करवायें। इसके अतिरिक्त प्रातः 10:30 बजे के बाद न तो किसी भी बोलीदाता का फार्म जमा किया जायेगा तथा न ही किसी बोलीदाता से नकद राशि के रूप में सिक्योरिटी राशि जमा की जायेगी। बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने का अन्तिम अधिकार उपायुक्त, यमुनानगर को होगा। उपरोक्त के लिए अन्य शर्तें उपायुक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड व जिला प्रशासन यमुनानगर की वैबसाईट Yamunanagar.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

क्रमांक 819/डी.एन.
दिनांक 13-05-2025

**कृते : उपायुक्त, यमुनानगर**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रू. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला शहर में राजकीय महिला महाविद्यालय की बिल्डिंग के निर्माण का बकाया कार्य (कोड 19782 दिनांक 31.07.2017 के तहत माननीय सी.एम. घोषणा)। | 06.05.2025 19.05.2025 | 514.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में कि.मी. 81.90 पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अण्डरपास का निर्माण। | 12.05.2025 21.05.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में एयर कंडीशनर (2 टन) और + एक कार्य (कैटेगरी-गुड्स) के प्रावधान हेतु ई-निविदा। | 14.05.2025 21.05.2025 | 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | 1623 - गांव सुई, ब्लॉक बवानी खेड़ा में गुल्ही जोहड़ का निर्माण + 3 कार्य। | 12.05.2025 17.05.2025 | 61.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में विद्युत और जन स्वास्थ्य कार्यों समेत पंचायत भवन का पुनरोद्धार। | 09.05.2025 20.05.2025 | 172.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादासिया ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण एफएफसी + 1 कार्य। | 09.05.2025 16.05.2025 | 92.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादासिया ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र के हॉल, किचन और शौचालय का निर्माण वीएजीवाई। | 09.05.2025 16.05.2025 | 28.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/34743/I/88/6 दि. 13.05.25

अस्पताल झज्जर
टेंडर नोटिस

**नागरिक अस्पताल झज्जर**
**टेंडर नोटिस**

नागरिक अस्पताल झज्जर में गर्भवती महिलाओं के लिए JSSK DIET (100)रु प्रतिदिन प्रति जच्चा 1. Amul मिल्क Tond 1000ml 2. Britania Bread 250 gm 3. Rusk Suji 142 gm 4. Good Day Biscuit q PMSMA Refreshment (50)रु प्रतिदिन प्रति जच्चा 1. Channa 250 gm, Desi Gur 200 gm हेतु निविदायें आगामी एक वर्ष के लिए आमंत्रित की जाती है।

नियम व शर्तेः

1. डाइट से संबधित लिस्ट दिनांक 16.05.2025 से 22.05.2025 तक कार्यालय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी कमरा न० 1 से 500 रु का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदाएं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 27.05.2025 को सायं 5.00 तक पहुँच जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त निविदाएं इस प्रक्रिया में शामिल नहीं की जाएगी।
3. निविदाएं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 28.05.2025 को सायं 3 बजे खोली जाएंगी।
4. कुटेशन देने वाली फर्म के पास पैन न0, GST न०, बिक्री कर पंजीकरण प्रमाणपत्र होना आवश्यक है।
5. कार्यालय बिना कोई कारण बताये सम्पूर्ण अथवा भाग में कुटेशन को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. कार्यालय किसी भी तरह के डाक विलंब के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
7. कार्यालय द्वारा आदेश जारी करने बाद संबंधित सामान कि आपूर्ति करनी होगी।
8. कमेटी द्वारा quality व रेट वेरीफाई करवाई जायेंगे।
9. कमेटी द्वारा सप्लाई का सैंपल पहले approve करवा लिया जायेगा।
10. यदि कमेटी बाद में महसूस करती है कि सप्लाई अख़बार टेंडर से मार्किट में सस्ती या बढ़िया है तो मार्किट से भी कुटेशन प्राप्त की जा सकती है।
11. संबंधित सामान का रेट कॉन्ट्रैक्ट अनुसार ही खरीद की जाएगी।
12. यदि कोई फर्म नियमानुसार सप्लाई नहीं देगी तो भविष्य के लिए ब्लैकलिस्ट कर दी जाएगी।

**हस्ता/चिकित्सा अधीक्षक**
**नागरिक अस्पताल झज्जर**

पीआरडीएच 1058/11/1052/2026/34732/88/6 दि. 13.05.2025

रोहतक
बुधवार, 14 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 103
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 41.8
न्यून. 23.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,148.22 | 1281.68 ▼ |
| निफ्टी | 24,578.35 | 346.35 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 97,500 /- | 950/- ▲ |
| चांदी | 99,450/- | 250/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.33 | 3 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 65.23/ बैरल | | 0.42% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## सीबीएसई ने 10वीं-12वीं व हरियाणा बोर्ड ने 12वीं का परिणाम घोषित किया

# दोनों बोर्ड में बेटियों ने बाजी मारी, सीबीएसई ने इस बार भी टॉपर की लिस्ट जारी नहीं की

### सीबीएसई : 12वीं में 90% से अधिक अंक पाने वालों की संख्या घटी, 10वीं में 93 प्रतिशत से अधिक छात्र पास

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। 10वीं में 93.60% और 12वीं में 88.39% छात्र पास हुए। छात्र बोर्ड की वेबसाइट cbse.gov.in पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल 10वीं और 12वीं के करीब 44 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। दोनों कक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है। 10वीं में लड़कियों का रिजल्ट 95.0%, जबकि लड़कों का रिजल्ट 92.63% रहा है। लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 2.37% बेहतर रहा है। वहीं, 12वीं में लड़कियों का रिजल्ट 91.64% और लड़कों का रिजल्ट 85.70% रहा है। पिछले साल की तुलना में इस साल 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या में कमी आई है। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने यह जानकारी दी।

**95.0%** लड़कियां 10वीं कक्षा में पास

**92.63%** लड़के 10वीं में पास

**91.64%** लड़कियां 12वीं में पास

**85.70%** लड़के 12वीं कक्षा में पास



**पीएम मोदी ने दी बधाई, 10वीं का ऐसा रहा परिणाम**

- 93.66 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए, जो पिछले साल के 93.60 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इस बार 95 प्रतिशत लड़कियां परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 92.63 प्रतिशत रहा।
- ट्रांसजेंडर' उम्मीदवारों का उत्तीर्ण होने का प्रतिशत पिछले साल के 91.30 प्रतिशत के मुकाबले 95 फीसदी रहा।
- परीक्षा में 1.99 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 45,516 उम्मीदवारों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, 1.41 लाख से अधिक उम्मीदवारों को उत्तीर्ण होने के लिए पूरक परीक्षा देनी होगी।
- सीबीएसई की कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में कुल 23,71,939 परीक्षार्थी बैठे थे।

**12वीं का ऐसा रहा परिणाम**

- 88.39% उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं, जो पिछले साल के उत्तीर्ण प्रतिशत 87.98% से थोड़ा अधिक है।
- 91.64% लड़कियां परीक्षा में उत्तीर्ण हुईं, 85.70% लड़के परीक्षा में सफल रहे।
- 1,11,544 ने 90% से अधिक व 24,867 उम्मीदवारों ने 95% से अधिक अंक लिए ।
- पिछले वर्ष 12वीं में 1.16 लाख 90% व 24,068 छात्रों ने 95%से अधिक अंक लिए थे।
- विजयवाड़ा क्षेत्र में सबसे अधिक 99.60 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, उसके बाद त्रिवेंद्रम में 99.32 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।
- प्रयागराज क्षेत्र में सबसे कम 79.53 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।
- जवाहर नवोदय विद्यालयों में सबसे अधिक 99.9 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि निजी या स्वतंत्र विद्यालयों में सबसे कम 87.94 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।
- विदेशी स्कूलों में उत्तीर्ण प्रतिशत पिछले साल के 95.84 प्रतिशत से मामूली रूप से कम होकर इस बार 95.01 प्रतिशत रहा।

### हरियाणा शिक्षा बोर्ड : 89.41% छात्राएं व 81.86% छात्र पास, कैथल के अर्पण सिंह 497 नंबर के साथ टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड का 12वीं कक्षा का परिणाम मंगलवार घोषित हो गया। कुल 85.66% विद्यार्थी पास हुए। 97561 छात्राओं में से 87227 छात्राएं पास हुई। पास प्रतिशतता 89.41% रहा। वहीं 96267 छात्रों में से 78804 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनका पास प्रतिशतता 81.86% रहा। यह छात्राओं से 7.55% कम है। कला संकाय में पास प्रतिशतता 85.31, विज्ञान में 83.05 और कॉमर्स में 92.20% रही है। शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार व सचिव मुनीष नागपाल ने यह जानकारी दी। इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 84.67% रही व निजी विद्यालयों की पास प्रतिशतता 86.98% रही है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 85.94 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 85.03 रही है।

**85.66%** कुल पास हुए

**92.20%** कॉमर्स का परिणाम रहा

**85.31%** आर्ट का परिणाम

**83.05%** साइंस का परिणाम रहा

*जिलावाइज में जींद अव्वल, नूंह फिसड्डी*

1 
अर्पण सिंह 497/500 कैथल

2 
करीना 495/500 सोनीपत

3 
यशिका 495/500 जींद

4 
सरोज 494/500 जींद

5 
नमन वर्मा 493/500 भिवानी

6 
रजत 493/500 रेवाड़ी

7 
नैंसी 493/500 चरखी दादरी

8 
अफसाना 493/500 भिवानी

9 
वंदना 492/500 भिवानी

10 
चंचल 492/500 फतेहाबाद

**63.21 प्रतिशत स्वंयपाठी परीक्षार्थी उत्तीर्ण**

सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 63.21 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में 3419 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए जिनमें से 2161 पास हुए। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। सीनियर सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (फ्रैश) का परिणाम 36.35 तथा (रि-अपीयर) का परिणाम 49.93 फीसदी रहा है। परीक्षार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि अथवा पंजीकरण संख्या भरते हुए अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

**ग्रामीण क्षेत्र 33.39% और शहरी के 42.33%**

- सीनियर सैकेंडरी मुक्त विद्यालय (फ्रैश) की परीक्षा में 14144 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 5141 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनकी पास प्रतिशतता 36.35 रही।
- परीक्षा में 9055 छात्र बैठे थे, जिनमें से 2889 पास हुए, पास प्रतिशतता 31.91 रही है, जबकि 5089 प्रविष्ट छात्राओं में से 2252 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 44.25 रही है।
- ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 33.39 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 42.33 रही है।
- सीनियर सैकेंडरी मुक्त विद्यालय (रि-अपीयर) का परिणाम 49.93 फीसदी रहा। इस परीक्षा में 8045 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे, जिनमें से 4017 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

## खबर संक्षेप

### खुदरा मुद्रास्फीति 6 साल के निचले स्तर 3.16% पर

नई दिल्ली। सब्जियों, फलों एवं अन्य प्रोटीन-युक्त उत्पादों की कीमतों में नरमी से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर छह साल के निचले स्तर 3.16% पर आ गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में सीपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। भाषा

### अमृतसर में नकली शराब से 17 की मौत

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर जिले में कथित तौर पर नकली शराब के सेवन से 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शराब पीने से हुई जटिलताओं के कारण छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नकली शराब के सेवन से भंगाली, पातालपुरी, मरारी कलां और थेरेवाल के गांवों में लोगों के मारे जाने की सूचना है। भाषा

### 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस घोषित किया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 23 सितंबर को आधिकारिक तौर पर आयुर्वेद दिवस घोषित किया है। राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से 23 मार्च, 2025 को अधिसूचित यह परिवर्तन धनतेरस पर आयुर्वेद दिवस मनाने की पूर्व प्रथा से एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। धनतेरस चंद्रगणना के आधार पर मनाया जाता है। भाषा

## पीएम ने सेना के पराक्रम को सराहा, पाक को लक्ष्मण रेखा बताई

# पाक में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकवादी चैन से रह सकें, हम घर में घुसकर मारेंगे : मोदी

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आदमपुर एयरबेस से पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि उसकी लाख कोशिश के बावजूद भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों पर आंच तक नहीं आई। देश की ओर नज़र उठाने का अंजाम तबाही होगा।'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सशस्त्र बलों को पहली बार संबोधित करते हुए मोदी ने चार दिनों तक चले अभियान में पाकिस्तान को धूल चटा देने के लिए सेना की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप नौ आतंकी ठिकाने नष्ट हुए, 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए तथा आठ (पाकिस्तानी) सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, 'आतंक के विरूद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है।

अब फिर कोई आतंकी हमला हुआ तो भारत जवाब देगा, पक्का जवाब देगा।' मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे।

**एयरफोर्स के जवानों से मिले**

**कहा, निर्दोषों का खून बहाने वालों का एक ही अंजाम होगा, विनाश और महाविनाश**

**हमारी तीनों सेनाओं ने पाक को धूल चटाई**

**हमारे ड्रोन, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाक की नींद हराम हुई**

**पाक ने फिर दुःसाहस दिखाया तो मिट्टी में मिला देंगे**



**आदमपुर एयरबेस पर पहुंचे पीएम**

पंजाब के आदमपुर एयरबेस से कही गई उनकी इस बात में, सोमवार रात राष्ट्र के नाम उनके संबोधन में दिए संदेश की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। प्रधानमंत्री का मंगलवार का संबोधन काफी मायने रखता है। यह आदमपुर एयरबेस से दिया गया, जो पाकिस्तान से लगी सीमा से केवल 100 किलोमीटर की दूरी पर है। पाकिस्तान ने एस-400 मिसाइल लॉन्चर के साथ-साथ इस एयरबेस को भी तबाह करने का दावा किया था। वहीं, भारत ने इन दावों को झूठा करार दिया, जिसकी पुष्टि टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में प्रधानमंत्री मोदी के ठीक पीछे मौजूद दिख रही एस-400 मिसाइल प्रणाली करती है।

**भारत मां की जय के नारे लगे :** 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत का "न्यू नॉर्मल" करार देते हुए प्रधानमंत्री ने सैनिकों की सराहना की और कहा कि "आपने जो किया वो अभूतपूर्व, अकल्पनीय और अद्भुत है जो हर भारतीय को गौरवान्वित करती है। मंगलवार की सुबह मोदी ने बिना किसी पूर्व सूचना के वहां पहुंचने के बाद एयरबेस का दौरा किया और वहां मौजूद वर्दीधारी जवानों का अभिवादन किया, जिन्होंने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

**विदेश मंत्रालय बोला**

**भारत-पाकिस्तान आपस में मिलकर सुलझाएंगे मुद्दा**

# ट्रंप को भारत की दो टूक : कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं



नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से हल होंगे। हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। दरअसल, भारत के इस जवाब को जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था, 'मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या 'हजार साल' बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है।' 10 मई को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच सीजफायर होने की जानकारी दी थी।

### ट्रेड रोकने की धमकी पर सीजफायर नहीं किया

विदेश मंत्रालय ने भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का क्रेडिट लेने के दावों को नकार दिया है। जायसवाल ने कहा है कि ट्रंप की ट्रेड रोकने की धमकी पर सीजफायर नहीं किया गया है। बता दें कि 12 मई को ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों को व्यापार बंद करने की धमकी दी थी जिसके बाद सीजफायर हुआ।

## शोपियां में मुठभेड़, तीन आतंकवादी मार गिराए

श्रीनगर(भाषा)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के शीर्ष कमांडर शाहिद कुट्टे सहित तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के शुकरू केलर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली एक विशेष सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने वहां घेराबंदी की व तलाश अभियान शुरू किया।

**सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया**

**भारत की एयर स्ट्राइक में पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह हुए थे :** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई में पाक के कई एयरबेस को ध्वस्त किया था। एक निजी कंपनी मक्सर के सैटेलाइट ने इन ध्वस्त एयरबेस की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें सरगोधा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर एयरबेस शामिल हैं।

## पंजाब में पाक जासूस पकड़ा, एयर अटैक से घायल महिला की मौत

बठिंडा(एजेंसी)। पंजाब के बठिंडा आर्मी कैंट से पुलिस ने मंगलवार को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। रकीब नाम का यह व्यक्ति उत्तराखंड के रुड़की का रहने वाला है। आर्मी कैंट के अंदर वह कपड़े सिलने का काम करता है। वहीं, 9 मई को फिरोजपुर के खाई फेमे गांव में ड्रोन अटैक में घायल हुई महिला सुखविंदर कौर की लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में मौत हो गई। दूसरी तरफ, अमृतसर एयरपोर्ट से बुधवार से फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी और स्कूल भी खुल जाएंगे, लेकिन उनकी टाइमिंग बदली गई है। वहीं मंगलवार को रात 8 बजे से अमृतसर और पठानकोट में स्वैच्छिक ब्लैकआउट शुरू हो गया। डीसी साक्षी साहनी ने लोगों से अपील की थी।

**पठानकोट और अमृतसर में फिर ब्लैकआउट**

**मध्यप्रदेश में गया था तोशाम का परिवार**

# पिता ने 3 बेटियों को जहर देकर खुद भी निगला, चारों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम



मध्यप्रदेश के दमोह में तोशाम क्षेत्र के गांव बिडौला निवासी विनोद (43) ने साले की शादी समारोह के बाद अपनी 3 बेटियों को जहर देकर खुद भी खा लिया। इससे चारों की मौत हो गई और शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बताया जा रहा है कि विनोद सुबह बेटियों को बाजार में समोसा खिलाने के लिए लेकर गया था। बाद में सभी तालाब के किनारे तड़पते मिले। ससुराल के लोग मौके पर पहुंचे और सभी को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चारों ने दम तोड़ दिया। मरने वालों में विनोद (43), बेटी महक (डेढ़ वर्ष), खुशी (5) और खुशबू (7) की मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना मध्यप्रदेश के हटा ब्लॉक के मुहरई गांव में मंगलवार सुबह हुई। परिवार हरियाणा से यहां शादी समारोह में आया था। फिलहाल घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। विनोद करीब 14 दिन पहले साले की शादी में गया था।

## पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार यूपीएससी के अध्यक्ष नियुक्त



नई दिल्ली (भाषा)। पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार को मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। यूपीएससी के अध्यक्ष का पद 29 अप्रैल को प्रीति सूदन का कार्यकाल पूरा होने के बाद रिक्त हो गया था। आदेश के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दी। कुमार के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार, केरल कैडर के 1985 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ने 23 अगस्त, 2019 से 31 अक्टूबर, 2022 तक रक्षा सचिव के रूप में काम किया। यूपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति छह वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक के लिए की जाती है।

**निर्देश** शीर्ष अदालत ने केंद्र से हलफना दायर करने को कहा

*इस योजना के तहत प्रत्येक घायल को डेढ़ लाख तक फ्री इलाज मिलेगा*

# सुप्रीम निर्देश, दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलैस योजना सही अर्थों में लागू करें

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को मंगलवार को निर्देश दिया कि वह सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस (नकदी रहित) उपचार योजना को सही अर्थों में लागू करे। इस योजना के तहत प्रत्येक दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज पाने का हकदार होगा।

**अधिकारियों को उनके 'लापरवाह' रवैये के लिए कड़ी फटकार भी लगाई**

### केंद्र सरकार ने यह दी जानकारी



केंद्र ने अदालत को योजना तैयार किए जाने की जानकारी दी और कहा कि यह 5 मई से लागू हो चुकी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की गजट अधिसूचना के अनुसार, "किसी भी सड़क पर मोटर वाहन दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा। शीर्ष अदालत ने मोटर दुर्घटना पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना तैयार करने में देरी को लेकर 28 अप्रैल को केंद्र की खिंचाई की थी और कड़े निर्देश दिए थे।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केंद्र को अगस्त 2025 के अंत तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें योजना के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हो। क्रियान्वयन रिपोर्ट में इस योजना के तहत कैशलेस उपचार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या शामिल होगी।

### शीर्ष कोर्ट ने दी हिदायत

शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए को एक अप्रैल, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए लागू किया गया था, लेकिन केंद्र ने दावेदारों को अंतरिम राहत के लिए योजना बनाकर इसे लागू नहीं किया। पीठ ने कहा था, 'आप अवमानना कर रहे हैं। आपने समय-सीमा बढ़ाने की जहमत नहीं उठाई। यह क्या हो रहा है? आप हमें बताएं कि आप योजना कब बनाएंगे? आपको अपने ही कानूनों की परवाह नहीं है। यह कल्याणकारी प्रावधानों में से एक है। तीन साल पहले यह प्रावधान लागू हुआ था। क्या आप वाकई आम आदमी के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं?

**प्रदेश सरकार का फैसला**

## फसलों के बीजों के थैलों पर लगेगा बार कोड टैग



चंडीगढ़ (ब्यूरो)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को बताया कि अब फ़सलों के बीज के थैलों पर बार कोड टैग लगाया जाएगा। इस बार कोड को स्कैन कर बीज के निर्माता से लेकर वजन, क़िस्मि (प्रजाति) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम है, इससे नकली बीज पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकेगी। राणा ने बताया कि मंगलवार को विभाग की हाई पावर परचेज कमेटी में इस बार कोड टैग की ख़रीद के लिए एक कंपनी को टेंडर देने की स्वीकृति दी गई है। इस अवसर पर कमेटी में उनके अलावा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेन्सी के निदेशक डॉ. कुलदीप डबास उपस्थित थे।

# कोहली पहुंचे संत प्रेमानंदजी के दर्शन करने...



**मथुरा।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अध्यात्मिक गुरू प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे। वे आश्रम में करीब साढे तीन घंटे रुके। साझा किए गए वीडियो में विराट और अनुष्का को संत से आशीर्वाद लेते व प्रेमानंद जी महाराज से बात करते देखा गया जिसमें उन्होंने विराट से पूछा कि क्या वह खुश हैं। वृंदावन से लौटने से पूर्व वाराह घाट पर कुछ ही दूर स्थित संत प्रेमानंद के भी गुरू गौरांगी शरण महाराज के भी उन्होंने दर्शन किए।

## फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल कमिंस की कप्तानी में खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। पैट कमिंस की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम को तैयार किया गया है, जिसमें कई अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है।

टीम में स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और मार्नस लाबुशेन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ इस अहम मुकाबले के लिए ब्रेंडन डॉगेट को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया की टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मैट कुह्नमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

### ग्रीन की हुई वापसी

*मार्च 2024 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलने वाले ग्रीन की वापसी हुई है। उनके पीठ की सर्जरी हुई थी। इस कारण वह इतने दिन क्रिकेट के मैदान से दूर थे। वह भारत के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाए थे। ग्रीन ने 28 टेस्ट की 43 पारियों में 36.23 की औसत से 1,377 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 2 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। गेंदबाजी में उनके नाम 35 विकेट है।*

### कौन है रिजर्व खिलाड़ी ब्रेंडन डॉगेट?

डॉगेट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक एक भी टेस्ट नहीं खेला है। उन्होंने 48 प्रथम श्रेणी मुकाबलों की 86 पारियों में 27.32 की औसत से 177 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 10 बार 4 विकेट हॉल और 7 बार 5 विकेट हॉल झटके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/15 का रहा है। लिस्ट-ए क्रिकेट में इस खिलाड़ी के नाम 16 मैच की 15 पारियों में 36 की औसत से 24 विकेट है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/75 का रहा है।

### दोनों टीमों का प्रदर्शन

दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 मैचों में (8 जीत और 3 हार) 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने में सफल रही थी। यह टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर थी। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया टीम ने 17 मैचों में (11 जीत और 4 हार) 63.73 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल का टिकट कटाया था। उसने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से अपने नाम की थी।

## बुमराह ने खुद को किया अलग

# अब इन खिलाड़ियों से चुना जाएगा कप्तान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि भारत का नया टेस्ट कप्तान कौन होगा। हालांकि कुछ समय पहले तक यह दावा किया जा रहा था कि शुभमन गिल, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह कप्तानी के सबसे बड़े दावेदार हैं। लेकिन हाल ही में हुए खुलासे ने सभी को चौंका दिया है। दरअसल, एक मीडिया चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह ने खुद को भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ से बाहर कर लिया है।

### ऋषभ का टेस्ट में शानदार रहा रिकॉर्ड

शुभमन गिल और केएल राहुल से भी ज्यादा इस समय सबसे बड़ी दावेदारी ऋषभ पंत की नजर आ रही है। ऋषभ पंत भारत के नए टेस्ट कप्तान बन सकते हैं। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के चलते यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। टेस्ट में ऋषभ का हमेशा से ही शानदार रिकॉर्ड रहा है।

## एशियाई शतरंज: श्रीजा शेषाद्रि संयुक्त रूप से शीर्ष पर बरकरार

**अल ऐन (यूएई)।** महिला ग्रैंडमास्टर श्रीजा शेषाद्रि मंगलवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय महिला शतरंज चैंपियनशिप के सातवें दौर में सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय महिला खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल के साथ कड़े मुकाबले को ड्रा खेलने के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। श्रीजा के पास इससे एक दिन पहले एकल बढ़त थी लेकिन इस ड्रा के बाद अब उनके नाम छह अंक है और वह तालिका में मंगोलिया की मुंगुनजुल बैट-एर्डीन के साथ शीर्ष पर है। मुंगुनजुल ने पीवी नंदिधा को मात दी। ओपन वर्ग की तालिका में ज्यादा बदलाव नहीं दिखा क्योंकि शीर्ष पर काबिज बर्दिया दानेश्वर (छह अंक) को रूस के इवान जेमलियान्स्की (5.5 अंक) ने ड्रा पर रोका। तीसरे स्थान पर रहे भारत के मुरली कार्तिकेयन (पांच) ने भी एक अन्य रूसी खिलाड़ी सर्गेई लोबानोव (पांच अंक) के साथ ड्रा खेला। प्रतियोगिता में अभी दो और दौर बचे हुए है।

## आदित्य-धावक कादिर खान ने केआईवाईजी रिकॉर्ड बनाए

**पटना।** धावक आदित्य पिसल रिकॉर्ड समय के साथ सबसे तेज एथलीट बनकर उभरे, जिससे महाराष्ट्र ने मंगलवार को खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) की पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा। पिसल ने 100 मीटर दौड़ में 10.62 सेकंड का समय निकालकर 2022 में पंचकूला में सदानंद कुमार द्वारा बनाए गए 10.63 सेकंड के पिछले मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। उत्तर प्रदेश के कादिर खान ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में रिकॉर्ड की झड़ी के बीच 400 मीटर का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पिसल ने बिहार के प्रिंस कुमार (10.64 सेकंड) को पछाड़ा। महाराष्ट्र के रुद्र सचिन शिनी (10.78 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। पिसल, अर्जुन देशपांडे, 110 मीटर बाधा दौड़ के स्वर्ण पदक विजेता सैफ चापेकर और रुद्र शिंदे की महाराष्ट्र की चौकड़ी ने चार गुणा 100 मीटर की स्पर्धा को 41.55 सेकंड के मीट रिकॉर्ड के साथ जीता।



# आरसीबी सहित कई को लगा झटका कई खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा, लेकिन उससे पहले RCB को दो बड़े झटके लग सकते हैं। कप्तान रजत पाटीदार पूरी तरह फिट नहीं हैं और उनकी उपलब्धता संदिग्ध है। जोश हेजलवुड के भारत लौटने की संभावना काफी कम नजर आ रही है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, रजत को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के दौरान उंगली में चोट लगी थी। माना जा रहा है कि उन्हें ठीक होने में काफी समय लग सकता है और वे इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली इंडिया-ए टीम से भी बाहर हो सकते हैं। फिलहाल उन्हें उंगली की सुरक्षा के लिए स्प्लिंट (सख्त पट्टी या ढांचा) पहनने की सलाह दी गई है और उनकी चोट की स्थिति आने वाले दिनों में दोबारा जांची जाएगी।



## चिंतन

# सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' से सेना का मनोबल उच्च पर

पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद व पाक स्थित आतंकी ठिकानों के खात्मे के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के प्रचंड सैन्य अभियान को अचानक संघर्ष विराम पर बनी सहमति के चलते रोकने के बाद सेना के मनोबल को ऊंचा बनाए रखना जरूरी था। सरकार ने यही किया। सेना के अफसर से लेकर विदेश व रक्षा मंत्रालय तक ने भारत व पाक के बीच अचानक संघर्ष विराम के ऐलान को लेकर सभी बिंदुओं पर विस्तार से देश को बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्र के नाम अपने संदेश में भारत के रुख को स्पष्ट किया। पीएम के राष्ट्र संदेश में पाकिस्तान को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि आतंकवाद के खिलाफ भारत कठोर एक्शन लेता रहेगा, पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ किसी भी आतंकी साजिश या घटना को अपने खिलाफ युद्ध मानेगा, परमाणु बम हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी। भारत आतंकवाद के खात्मे तक सिंधु जल संधि को स्थगित रखेगा। पाकिस्तान जब तक अपने यहां से आतंकवाद का खात्मा नहीं करेगा, भारत कोई बात नहीं करेगा। पाकिस्तान के साथ भारत कश्मीर पर नहीं, केवल पीओके पर बात करेगा। पीओके भारत का है और इसे पाक के अवैध कब्जे से मुक्त कराकर रहेगा, और सबसे अहम कि भारत कश्मीर पर किसी भी तीसरे पक्ष का दखल बर्दाश्त नहीं करेगा। अमेरिका को यह स्पष्ट संदेश है। पंजाब के आदमपुर सैन्य बेस पर पहुंच कर पीएम ने पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश किया। पाक फौज ने इस बेस को नष्ट करने का झूठ बोला था। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर डीजीएमओ स्तर पर बातचीत चल रही थी। इसी के साथ एनएसए स्तर पर भी बैकडोर वार्ता जारी थी, सैन्य ऑपरेशन के युद्ध में तब्दील होने की आशंका में अमेरिका भी अपने स्तर पर भारत व पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों व पाक सेना प्रमुख से बातचीत कर रहा था। इन कोशिशों के बाद ही भारत व पाकिस्तान के बीच लार्जर हित को देखते हुए संघर्ष विराम के लिए सहमति बनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अधीरता, क्रेडिट लेने की ललक व बड़बोलेपन की प्रवृत्ति के चलते तय समय से पहले भारत व पाक के बीच सीजफायर के अमेरिकी ऐलान ने भारत को असहज कर दिया। ट्रंप ने लगे हाथ कश्मीर को लेकर मध्यस्थता की पेशकश भी कर दी, जबकि मौजूदा वक्त में कश्मीर कोई मुद्दा ही नहीं था। भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के मकसद से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों व घोषित आतंकवादियों पर कार्रवाई कर रहा था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के साथ ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि उसकी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। पाकिस्तान ने भारत की आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई को अपने खिलाफ मान लिया और सीमा पार से नागरिकों और भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने लगा। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाक के हर ड्रोन व मिसाइल हमलों को नाकाम किया। अस्थिर व अपरिपक्व राजनेता डोनाल्ड ट्रंप की गैर-जिम्मेदार हरकत से भारत की विदेश नीति व कूटनीति पर जरूर सवाल उठ रहे हैं, इससे तात्कालिक तौर पर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को चोट अवश्य पहुंची है। इस हरकत से ट्रंप ने ही अपना वैश्विक भरोसा खोया है। भारत आतंकवाद के खिलाफ चट्टान की तरह कठोर है और आतंक के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, पाकिस्तान को किसी भी गफलत में नहीं रहना चाहिए।

# विजयी क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं



पराक्रम
अवधेश कुमार

> प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाक सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, वह विश्वासघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए।

भारत-पाकिस्तान के बीच सैनिक संघर्ष रुकने पर हम देश की प्रतिक्रिया देखें तो बड़ा वर्ग, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी सरकार और भाजपा के समर्थक कार्यकर्ता शामिल हैं, नाखुश दिखाई देते हैं। इन्हें लगता है कि भारत के पास पाकिस्तान को धूल चटाकर, ऐसा पंगु बना देने का अवसर था जिससे वह लंबे समय तक भारत को घाव देने की सोचे भी नहीं। दूसरी ओर, ऐसे लोग भी हैं जिन्हें लगता है कि भारत इस समय लंबे युद्ध कर पाकिस्तान को पराजित करने की लड़ाई नहीं लड़ रहा था। इसलिए तत्काल लंबा खींचना उचित नहीं होता। प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में स्थित नौ सभी महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। इस तरह भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट आया कि लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीजफायर यानी युद्धविराम स्वीकार किया तो टीवी चैनलों पर बैठे पूर्व सैनिकों और विशेषज्ञों को भी हैरत हुई।

उसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रुबियो का ट्वीट आ गया जिससे जानकारी मिली कि उपराष्ट्रपति जेडी बैंस लगातार दोनों देशों से बातचीत कर रहे थे। लेकिन भारत ने 5 बजे विदेश सचिव विक्रम मिश्री के माध्यम से इसकी घोषणा करवाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसके लिए स्टॉपेज आफ फायरिंग एंड मिलिट्री एक्शन यानी गोलाबारी तथा सैन्य कार्रवाई के रुकने पर सहमति की बात की। भारत ने सीजफायर या युद्धविराम शब्द प्रयोग नहीं किया। यह शब्द पहले अमेरिका की ओर से आया और पाकिस्तान ने उपयोग किया। पाकिस्तान के साथ हमारा युद्धविराम समझौता पहले से है जिसे वह तोड़ रहा था। चाहे आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करना हो या पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई से उत्तर देश और विश्व को दी जाने वाली जानकारी में नए रूप में भारत सामने आया है। आतंकवादी अड्डे ध्वस्त किए जाने के बाद सेना की दो महिला जवान कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारत की प्रवक्ता के रूप में सामने आईं और साथ विक्रम मिश्री आते रहे। संघर्ष रुकने के बारे में भी उनके माध्यम से ही देश ने अपना पक्ष सुना। हालांकि भारत जैसे परिपक्व और भविष्य की महाशक्ति की योजना से आगे बढ़ने वाला देश कोई हल्का वक्तव्य नहीं दे सकता। कर्नल सोफिया कुरैशी ने जो कहा उससे भारत का रक्षा स्टैंड काफी हद तक स्पष्ट होता है। उनकी कुछ पंक्तियां देखिए- फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं।

भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। 11 मई को सेना के तीनों अंगों के डीजीएमओ ने पत्रकार वार्ता में स्पष्ट कर दिया कि अभी हम युद्ध की स्थिति में हैं और पूरी जानकारी देना उचित नहीं होगा। इसका अर्थ हुआ कि सेना अभी जहां जैसे थी वैसे ही रहेगी। पाकिस्तान ने



आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करने को अपने पर हमला मानकर कार्रवाई की थी और भारत को उसका उत्तर देना पड़ा। भारत दीर्घकालीन युद्ध की सोच से पाकिस्तान की सीमा में आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने नहीं गया था। देश में वातावरण इस कारण बना क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जैसा पराक्रम दिखाया है उसको तार्किक परिणति या निर्णायक अवस्था में ले जाने की सामूहिक अपेक्षा पैदा हो गई। हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के पहले किसी ने नहीं कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लिए हमला करिए या पाकिस्तान पर हमला करिए। जो विपक्षी दल आतंकवादी हमले पर सीमा पार करने से बचते रहे क्योंकि पाकिस्तान की प्रतिक्रियाओं से डरते थे वह भी सामूहिक रूप से सरकार पर प्रहार कर रहे हैं। प्रश्न है कि क्या सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार से पाक अधिकृत कश्मीर लेने या पाकिस्तान से अंतिम सीमा तक युद्ध करने की मांग की थी? क्या सरकार ने ऐसी कोई बात कही थी?

यह दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध इतनी बड़ी विजय और सफलता को भुलाकर जो है नहीं उसकी झूठी नैरेटिव बना दी गई है। ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति यदि लिखें कि हमारी मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं तो भारत में चिंता स्वाभाविक होगी। डोनाल्ड ट्रंप टकराव रोकने के लिए भारत या पाकिस्तान से बात करते हैं तो यह नहीं कहा जा सकता कि हम आपसे बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर यह स्टैंड रहेगा ही। उनको हम कुछ पोस्ट करने से नहीं रोक सकते। ज्यादा मायने इस बात के हैं कि भारत का स्टैंड क्या है? भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ सामान्य डीजीएमओ की नियमित होने वाली सामान्य वार्ता ही होगी। दूसरे ,भारत ने किसी की मध्यस्थता स्वीकारने की बात की ही नहीं। ट्रंप या अमेरिका की कश्मीर पर मध्यस्थता करने की इच्छा हो सकती है कि लेकिन भारत की यह नीति नहीं है। तीसरे, जब भारत ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी आतंकवादी घटना एक्ट आफ वार यानी युद्ध का कदम माना जाएगा तो उसमें राजनीतिक नेतृत्व से बातचीत की गुंजाइश बचती नहीं है। इसका अर्थ हुआ कि अगर आतंकवादी हमला हुआ तो अभी हम केवल आतंकवादी केन्द्रों को निशाना बनाने के लिए मिसाइल के साथ घुसे, उसके बाद हमला मानकर पाकिस्तान से सीधे टकराएंगे। इससे स्पष्ट मुखर और आक्रामक नीति तथा वक्तव्य कुछ हो ही नहीं सकता। इस बार सैन्य कार्रवाई से संबंधित सभी निर्णयों में राजनीतिक नेतृत्व के साथ सेना के तीनों प्रमुख और सीडीएस सम्मिलित रहे। संघर्ष रोकने की घोषणा के पहले भी प्रधानमंत्री ने उनके साथ बैठकें की और सैन्य बलों ने क्या किया, क्यों किया, कैसे किया, इन सबके बारे में वक्तव्य भी सेना के द्वारा दिया गया।

यही बदले भारत को दिखाता है और देश को इस पर विश्वास करना चाहिए। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, जिसकी पाकिस्तान क्या अमेरिका भी कल्पना नहीं कर सकता था वह विश्वासघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए। जिन आतंकी स्थलों को निशाना बनाया गया, उनमें से पांच पाक अधिकृत कश्मीर में 9 से 30 किलोमीटर के बीच और चार पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार 6 से 100 किलोमीटर के भीतर थे। मुंबई से लेकर अनेक हमलों के केन्द्र लश्कर ए तैयबा के मुरीदके को नष्ट करने की सोच भी सीमा पर नहीं थी। तो विजय उत्सव के क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
अश्विनी वैष्णव




# ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद से निपटने का नया सिद्धांत

पहलगाम में हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था- यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार की न बर्दाश्त करने और कोई समझौता नहीं करने की नीति यानी मोदी सिद्धांत की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए अपने इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं के आधार पर निर्मित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों पर भारत की प्रतिक्रिया के लिए निर्णायक तौर-तरीके निर्धारित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार शुरू करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाए और संचालित हो। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से कार्रवाई के रास्ते को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान नहीं लगा सके। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक तरीके से, सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना भी सुनिश्चित हो सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत की औपचारिक नीति को व्यक्त करता है। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद-रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया है कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की सांठ-गांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी। इस सिद्धांत के पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है- भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें।इस सिद्धांत का दूसरा स्तंभ परमाणु हथियारों की धमकी देकर डराए जाने के प्रयासों के प्रति शून्य सहनशीलता है। इसका अर्थ है- भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। इस सिद्धांत का तीसरा स्तंभ यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई अंतर नहीं है। ऐसी किसी भी घटना के संबंध में भारत न केवल आतंकवादियों को बल्कि उनके समर्थकों- दोनों को उत्तरदायी ठहराएगा। आतंकवादियों को शरण देने वालों, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने वालों या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत किया है। आतंकवाद का समर्थन करने और उनको बढ़ावा देने वाले राष्ट्र अंततः अपना विनाश स्वयं कर लेंगे। उन्होंने उनसे आग्रह किया है कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, वे अपने आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दें। नया सिद्धांत राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है और आतंकवाद के विरुद्ध ठोस एवं दृढ़ रुख की नज़ीर पेश करता है। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि भारत की संप्रभुता से कोई समझौता न हो। आतंकवाद को लेकर अब रुख पहले जैसा नहीं होगा, यह पहली बार नहीं है जब भारत ने स्पष्ट रूप से साहस के साथ कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट और अब ऑपरेशन सिंदूर तक भारत की शर्तों पर आतंकवाद के विरुद्ध त्वरित और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट सिद्धांत बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं है - यह स्पष्टता, साहस और आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे संकल्प के एक नए युग का आरंभ है।

(लेखक केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और प्रौद्योगिकी तंत्रज्ञान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

# दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारतीय मानवता का सम्मान करें पाक नागरिक

यह बहुत ही स्पष्ट परिदृश्य है कि अंततः पाकिस्तान के साधारण, लाचार, बेचारे करोड़ों नागरिकों को ही इस प्रकार के युद्ध की बहुत ही बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान के सभी उग्रवादी नेता, आईएसआई के अधिकारी और जनरल-कर्नल वगैरह तो रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर अपने प्राइवेट/चार्टेड विमानों से दुनिया के अन्य कई देशों में रहने-जीने के लिए भाग जाएंगे। ये बहुत दुखद लेकिन पूर्ण सत्य है कि करोड़ों सामान्य पाकिस्तानी लोग या तो बहुत ही भोले-भाले, अनभिज्ञ और नासमझ हैं या फिर उग्रवादी किस्म के पकिस्तानी सेना, नेताओं और आईएसआई द्वारा उन्हें हमेशा ही अव्वल दर्जे का बेवकूफ बनाकर रखा जाता है। ऐसी स्थिति में पाक नागरिकों को भारतीय मूल्यों व मानवता का सम्मान करना चाहिए। - *राजेश अग्रवाल, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### अदम्य साहस का परिचय



हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने बार-बार अदम्य साहस का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को हिलाकर रख दिया और उनकी बेमिसाल वीरता और बलिदान का एक शानदार उदाहरण बन गया।
-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### परीक्षा उत्तीर्ण की बधाई



सभी युवा मित्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई, जिन्होंने सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। यह कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के फल का आनंद लेने लेने का क्षण है।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### नए सिद्धांत को आकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ भाषण नहीं दिया, उन्होंने भारत के नए सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी और दुनिया को देश की ताकत के बारे में स्पष्ट संदेश है।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### तकनीक को दोस्त बनाएं



मैं सभी युवा भारतीयों से कहना चाहूँगा कि वे तकनीक को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाएँ। हम पहले से ही डिजिटल युग में हैं, और अधिक से अधिक एआई का उपयोग करने की ओर बढ़ रहे हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

# यूक्रेन के वायु क्षेत्र में विमान गिराने के लिए रूस जिम्मेदार



अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के परिषद ने यूक्रेन के वायु क्षेत्र में मलेशिया एयरलाइंस की एक उड़ान को 2014 में मार गिराने के लिए मंगलवार को रूस को जिम्मेदार ठहराया। इस घटना में, विमान में सवार 298 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। परिषद के इस निष्कर्ष पर पहुंचने से, पीड़ितों के परिजनों के लिए मुआवजा पाने की संभावना बढ़ गई है। नीदरलैंड नीत अंतरराष्ट्रीय जांच 2016 में पूरी हुई थी, जिसमें यह पाया गया था कि एमस्टर्डम से कुआलालंपुर की उड़ान को 17 जुलाई 2014 को यूक्रेन से अलगाववादियों द्वारा मिसाइल से किये गए हमले में मार गिराया गया था। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रूस ने की थी। हालांकि, मॉस्को ने उड़ान संख्या एमएच 17 घटना में अपनी किसी तरह की संलिप्तता होने से इनकार किया है। नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने 2022 में मॉन्ट्रियल स्थित वैश्विक विमानन एजेंसी के समक्ष रूस के खिलाफ मामला लाया था और इस फैसले का स्वागत किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में इस मामले को सुलझाया नहीं जा सकता था क्योंकि रूस, नीदरलैंड के हेग स्थित इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है। परिषद ने पाया कि रूस ने शिकागो समझौते का उल्लंघन किया है।

## ऑफ बीट

# नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर



जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## सिंधु जल समझौते पर पाक की फिर गीदड़भभकी

# विदेश मंत्री डार बोले- पानी का मुद्दा नहीं सुलझा तो टूट सकता है 'सीजफायर'

पाकिस्तान का पंजाब और सिंध प्रांत पूरी तरह से सिंधु नदी के पानी पर निर्भर है। ऐसे में अगर भारत पानी का कुछ हिस्सा रोकने या पानी का बहाव मोड़ने में कामयाब होता है तो इससे पाकिस्तान को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर शनिवार शाम को मुहर लग गई। दोनों देशों के डीजीएमओ ने आपस में बात कर सीजफायर को हरी झंडी दिखा दी है। पाकिस्तान ने भारत को गीदड़भभकी दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार एक बार फिर सीजफायर टूटने की चेतावनी देने लगे हैं। इशाक डार का कहना है कि अगर भारत और पाक के बीच पानी का विवाद नहीं सुलझा तो यह सीजफायर ज्यादा दिन नहीं चलेगा।

सीजफायर की सहमति में सिंधु जल समझौता शामिल नहीं

दोनों देशों के बीच पानी का बंटवारा पहले भी विवाद में रहा

### विश्व बैंक का नहीं मिला साथ



हाल ही में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने स्पष्ट कर दिया है कि सिंधु जल समझौते में हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। उन्होंने यह भी कहा था कि मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है।

### सिंधु जल समझौता

विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है।

### हमले के बाद रद्द हुई संधि

सिंधु समेत अन्य सहायक नदियों को लेकर पानी का बंटवारा अक्सर दोनों देशों के बीच विवाद का कारण रहा है। हालांकि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया था।

### पाकिस्तान को नुकसान

सिंधु जल समझौता रद्द होने के बाद पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत सिंधु, चिनाब और झेलम नदियों पर बांध बनाकर पानी के बहाव को प्रभावित कर सकता है। पाक का पंजाब और सिंध प्रांत पूरी तरह से सिंधु नदी के पानी पर निर्भर है। ऐसे में अगर भारत पानी का कुछ हिस्सा रोकने या पानी का बहाव मोड़ने में कामयाब होता है तो इससे पाकिस्तान को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



**पानी के बंटवारे को 'एक्ट ऑफ वार' मानेंगे**

*मीडिया रिपोर्ट के हवाले से इशाक डार ने कहा कि अगर पानी के बंटवारे पर कोई समझौता नहीं हुआ तो यह 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा। साथ ही उन्होंने कश्मीर के मुद्दे को इस पूरी लड़ाई की जड़ बताया है। बता दें, सीजफायर के तहत दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमला न करने पर सहमति जताई है।*

---

## खबर संक्षेप

### अश्लील वीडियो बनाने वाली महिला गिरफ्तार



**जैसलमेर।** पिछले दिनों एक महिला का अश्लील वीडियो सामने आने के बाद जैसलमेर पुलिस ने वीडियो बनाने वाली महिला को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। साथी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला साथी संग अनजान जगहों पर लोगों के साथ अश्लील वीडियो बनाती थी।

### आंध्र शराब घोटाले के आरोपी मैसूरु से गिरफ्तार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी सरकार के दौरान कथित रूप से हुए 3,200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के आरोपों की जांच के लिए गठित एसआईटी ने एक आरोपी बालाजी गोविंदप्पा को मंगलवार को मैसूरु से गिरफ्तार किया। गोविंदप्पा मामले में आरोपियों में से एक है।

### ई-पासपोर्ट लॉन्च, होगी आरएफआईडी चिप

**नई दिल्ली।** अब भारत ने ई-पासपोर्ट लॉन्च कर दिए हैं। इन पासपोर्ट को भारतीय नागरिकों की यात्रा को ज्यादा सुरक्षित, तेज और आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। ई-पासपोर्ट में रेडियो फ्रीक्वेंसी इडेंटिफिकेशन (एफआरआईडी) चिप लगी हुई है। इसमें इमिग्रेशन काउंटर पर पहचान का सत्यापन तेजी से होता है। शुरुआत चेन्नई, हैदराबाद और अमृतसर समेत 12 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में हुई है। इनमें व्यक्तिगत और बायोमेट्रिक डेटा होता है।

### पाक उच्चायोग का अधिकारी वांछित घोषित

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत ने यहां पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को वांछित व्यक्ति (परसोना नॉन ग्राटा) घोषित करते हुए 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि यह कार्रवाई अधिकारी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र से बाहर अन्य प्रकार की संदिग्ध में शामिल होने की वजह से की गई है। इस संबंध में भारत ने आज पाक उच्चायोग के चार्ज डी अफेयर्स को एक डीमार्श जारी किया है।

---

## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन के हमले से प्रभावित कठुआ के क्षेत्रों का दौरा किया

600 'पारिवारिक बंकरों' और सायरन प्रणाली का वादा किया

# भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान दिखाई अपनी क्षमता और ताकत : जितेंद्र सिंह



एजेंसी ▶▶ कठुआ/जम्मू

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हाल में हुए चार दिवसीय संघर्ष में भारत ने दुनिया के समक्ष अपनी क्षमता और ताकत का प्रदर्शन किया है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हुए विकास को दिया। सिंह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन के हमले से प्रभावित कठुआ के क्षेत्रों का दौरा किया। इस मौके पर उन निवासियों के लिए 600 'पारिवारिक बंकरों' और जिले में एक केंद्रीकृत, प्रौद्योगिकी-संचालित सायरन प्रणाली का वादा किया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमला किया। इस हमले के बाद अगले तीन दिनों तक दोनों देशों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जिसके बाद दोनों देशों ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने अपने उधमपुर लोकसभा क्षेत्र के हीरानगर सेक्टर में संवाददाताओं से कहा, "मैं समझता हूं कि यह सब भारत के लिए दुनिया को साबित करने का अच्छा अवसर था कि वह अब कहां खड़ा है और हमारी क्षमताएं और ताकत क्या हैं।'

### पहलगाम हमले के बदले हमारी सेना ने नौ आतंकी ठिकानों का किया ध्वस्त

**मोदी सरकार में हुए विकास को दिया श्रेय**

*पीओके को वापस लेना भारत की दृढ़ नीति की आधारशिला रही*

*पीओके को भारत का अभिन्न अंग बनाने के एजेंडे को पूरा करना बाकी*



### एस-400 मिसाइल प्रणाली की कार्रवाई देखी

' पाकिस्तान पर देश की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित हीरानगर ने एस-400 मिसाइल प्रणाली की कार्रवाई देखी, जो मोदी के सत्ता संभालने के बाद ही देश में पहुंची। उन्होंने कहा, "इस बार सीमावर्ती गांवों के लोगों का मनोबल बहुत ऊंचा था... 1971 और 1965 के युद्धों के दौरान, लोगों को खुद ही खाइयां खोदनी पड़ी थीं। इस बार, लोगों को भरोसा था कि इस तकनीक से चलने वाले युद्ध में, दुश्मन के हथियार उनके पास पहुंचने से पहले ही आसमान में नष्ट हो जाएंगे।" सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेना भारत की दृढ़ नीति और भाजपा के रुख की आधारशिला रही है। उन्होंने कहा, "मोदी ने स्वयं दोहराया कि एकमात्र अधूरा एजेंडा यह है कि पीओके को जम्मू-कश्मीर और भारत का अभिन्न अंग कैसे बनाया जाए।"

### लोग संघर्ष विराम चाहते : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर बनी सहमति कायम रहनी चाहिए क्योंकि सीमावर्ती इलाकों के लोग शांति से रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "हम सभी चाहते हैं कि संघर्ष विराम बरकरार रहे। यहां से दूर नोएडा और बंबई में बैठे टीवी चैनलों के कुछ एंकर ही संघर्ष विराम को पसंद नहीं करते।" अब्दुल्ला ने कुपवाड़ा जिले के तंगधार इलाके में संवाददाताओं से कहा, "सीमाओं या नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रहने वाले लोग और जिन्होंने जम्मू और श्रीनगर में स्थिति देखी है।

### केंद्र को संघर्ष विराम पर लोगों के सवालों का जवाब देना चाहिए : मनीष सिसोदिया



**चंडीगढ़ (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि "अचानक संघर्ष विराम के फैसले" के पीछे क्या वजह है। हालांकि, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकी ठिकानों पर हमला करने के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने आश्चर्य जताया कि जब लोग सरकार के साथ खड़े थे तो सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति की घोषणा क्यों की गई। सिसोदिया ने यहां संवाददाताओं से कहा, "ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारी सेना पाकिस्तान के दुस्साहस का मजबूती से जवाब दे रही थी। भारतीय सेना को बढ़त थी। सभी दल हमारी सरकार के साथ एकजुट थे। अचानक, संघर्ष विराम की घोषणा की गई। इस मोड़ पर, कई सवाल उठे। लोगों के मन में कई प्रश्न और संदेह पैदा हुए।" उन्होंने कहा, "जब प्रधानमंत्री ने कल राष्ट्र को संबोधित किया, तो देश को उम्मीद थी कि अचानक संघर्ष विराम की घोषणा पर वह कुछ प्रकाश डालेंगे।" सिसोदिया ने कहा, "अगर पाकिस्तान हमारे हवाई हमलों का जवाब देने में असमर्थ था और संघर्ष खत्म करने की भीख मांग रहा था तो सरकार ने पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को भारत को सौंपने की मांग क्यों नहीं की?

### क्या पहलगाम हमले को लेकर स्वतंत्र आकलन कराएगी सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने करगिल युद्ध के बाद बनी एक समीक्षा समिति का हवाला देते हुए मंगलवार को जानना चाहा कि क्या नरेन्द्र मोदी सरकार इसी तरह पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भी स्वतंत्र और व्यापक विश्लेषण एवं आकलन कराएगी। वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के तत्काल बाद करगिल समीक्षा समिति का गठन हुआ था। इस समिति की रिपोर्ट आने के बाद सुरक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण सुधार तथा संस्थागत परिवर्तन किए गए थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, करगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद तब की वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को करगिल समीक्षा समिति गठित की थी।

### क्या भारत ने कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार कर ली है : श्रीनेत



**लखनऊ (भाषा)।** कांग्रेस ने मंगलवार को जानना चाहा कि क्या भारत ने कश्मीर में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार कर ली है। कांग्रेस ने यह भी पूछा कि "क्या आतंकवाद पर व्यापार की जीत हुई है।" लखनऊ में मंगलवार को कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, "यह सच है कि हमें अपनी सेना की वीरता पर गर्व है जिसने पाकिस्तान को हराया। लेकिन प्रधानमंत्री के 22 मिनट के भाषण में हमें कोई जवाब नहीं मिला।" श्रीनेत ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसके कुछ समय पहले बात की थी और कहा था कि उन्होंने व्यापार की धमकियों का इस्तेमाल करके यह संघर्ष विराम कराया है।

### शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए मोदी सरकार को राजनीतिक रूप से दंडित नहीं किया जाना चाहिए : महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर (भाषा)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए "राजनीतिक रूप से दंडित" नहीं किया जाना चाहिए और विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर शांति एवं स्थिरता के लिए वास्तविक प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। मुफ्ती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मैं सभी विपक्षी दलों से अपील करती हूं कि वे बिना सोचे-समझे आलोचना करने या राजनीतिक फायदा देखने की प्रवृत्ति से बचें। जिस तरह पहलगाम की घटना ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक आवाजें एक कर दीं, उसी तरह शांति प्रक्रिया के इर्द-गिर्द राष्ट्रीय आम सहमति बनाने की जरूरत है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे।" उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह जैसे नेताओं ने साबित कर दिया कि सुरक्षा या संप्रभुता से समझौता किए बिना, तनावपूर्ण समय में भी सीमा पार बातचीत संभव है।

---

**आज जस्टिस गवई सीजेआई के रूप में लेंगे शपथ**

## भारतीय न्यायपालिका के शीर्ष पर पहुंचने वाले वे दलित वर्ग से दूसरे सीजेआई होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बीआर गवई) 14 मई को जब भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेंगे, तो वे गणतंत्र के इतिहास में भारतीय न्यायपालिका के टॉप पर पहुंचने वाले दूसरे दलित चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस गवई ने अक्सर भारत के संविधान की महानता की चर्चा की है। जिसने उनके भाग्य को निर्धारित किया। पिछले साल बीआर गवई ने अपने भाषण में कहा था कि यह पूरी तरह से डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि मेरे जैसे व्यक्ति, जो एक अर्ध-झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके में नगरपालिका स्कूल में पढ़ता था, इस पद तक पहुंच सका। उन्होंने अपने भाषण का समापन 'जय भीम' के नारे के साथ किया था। जस्टिस गवई का परिवार भी कांग्रेस पार्टी से जुड़ा रहा है।

### अब नहीं लूंगा कोई पद कानून के क्षेत्र में काम करूंगा : जस्टिस खन्ना



**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना मंगलवार को रिटायर हो गए। इस मौके पर उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि रिटायर होने के बाद वह कोई भी आधिकारिक पद नहीं लेंगे। वे सुप्रीम कोर्ट में मीडियाकर्मियों से मिल रहे थे, तब उन्होंने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई किसी आयोग का अध्यक्ष पद या कोई अन्य संवैधानिक पद तो स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन कानून के क्षेत्र में वह काम करते रहेंगे। इस क्षेत्र में उनकी अगली भूमिका क्या होगी कुछ स्पष्ट नहीं किया।

## अमेरिका और सऊदी अरब में 12.1 लाख करोड़ रुपये का रक्षा समझौता

### *अमेरिका ने इतिहास का सबसे बड़ा समझौता बताया*

**रियाद (एजेंसी)।** अमेरिका और सऊदी अरब ने 142 बिलियन डॉलर (12.1 लाख करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, और नॉर्थरॉप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और यूएई जाएंगे। क्राउन प्रिंस एमबीएस से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया।

## तमिलनाडु महिला अदालत ने 9 दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा, 85 लाख जुर्माना

### *पोलाची यौन उत्पीड़न मामला, 6 साल बाद फैसला*

**कोयंबटूर (एजेंसी)।** पोलाची यौन उत्पीड़न एवं जबरन वसूली के सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार सभी 9लोगों को मामले के सामने आने के 6 साल बाद मंगलवार को एक महिला अदालत ने दोषी ठहराया और 'मौत तक आजीवन कारावास' की सजा सुनाई। न्यायाधीश आर नंदिनी देवी ने सजा सुनाते हुए आठ पीड़िताओं को 85 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया। आरोपियों रिश्वंथ उर्फ एन. सबरीराजन, के. थिरुनावुकारसु , एम. सतीश, टी. वसंतकुमार, आर. मणिवन्नन उर्फ मणि, पी. बाबू उर्फ 'बाइक' बाबू, के. अरुलानंथम , टी. हारोनिमस पॉल और एम. अरुणकुमार को कड़ी सुरक्षा के बीच सेलम केंद्रीय कारागार से अदालत लाया गया। इन सभी की उम्र 30 से 39 वर्ष के बीच है । अरुलानंथम 'ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम' (अन्नाद्रमुक) का पूर्व पदाधिकारी है। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। सीबीआई ने बताया कि दोषी व्यक्तियों को उम्रकैद की1-5 तक अलग-अलग सजा सुनाई गई। थिरुनावुकारसु को उम्रकैद की सबसे अधिक 5 सजा सुनाई गईं।

---

इलाके में तेज पश्चिमी हवाएं चल रहीं, घने बादल भी छाए

## समय से पहले मानसून ने अंडमान निकोबार और बंगाल में दी दस्तक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभान ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मंगलवार को अंडमान-निकोबार द्वीप, दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में समय से पहले दस्तक दी है। यहां हल्की से भारी बारिश हो रही है। इलाके में तेज पश्चिमी हवाएं चल रही हैं और घने बादल भी बने हुए रहे हैं। विभाग ने इसे मानसून की शुरुआत घोषित की है। विभाग का कहना है कि 3-4 दिन में मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीव, कोमोरिन क्षेत्र, बाकी अंडमान-निकोबार द्वीप, अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी के और हिस्सों में पहुंच सकता है।




### देश के कई राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

पंजाब और हरियाणा में 16 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं तेज हवाएं चलेंगी। पश्चिमी यूपी में 14 से 16 मई के बीच बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा। 17 मई के आसपास इन जिलों में हल्की फुहारें पड़ सकती हैं। जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर जैसे पश्चिमी जिलों में धूल भरी आंधी जबकि जयपुर, कोटा, भरतपुर और अजमेर में 14 से 16 मई के बीच हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में 14 से 17 मई के बीच तेज बारिश के साथ बिजली गिर सकती है। मैदानी इलाकों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है।

## व्यापार समाचार

## अचानक शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स में 1282 अंक की गिरावट, निफ्टी भी गिरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के एक दिन बाद मंगलवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़क गया। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे। निफ्टी भी 346.35 अंक गिरावट के साथ 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में 3.54 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा पावर ग्रिड, इटर्नल, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, मारुति, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नीचे आए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में... सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।

## सोने में 950 रुपये की बढ़त, चांदी में 250 रुपये की गिरावट, 99,450 प्रति किलो हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 950 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सोमवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत वाले सोने की कीमत 3,400-3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ क्रमशः 96,550 रुपये और 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इस बीच, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 99,450 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में विराम के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में तेज गिरावट आने के बाद फिर से उछाल आया है।'

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

पीएम मोदी के साथ भी एनएसए अजीत डोभाल ने बैठक की

पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के बाद भारत ने पाकिस्तान सीमा पर सतर्कता बढ़ाई

# रक्षा मंत्री ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा सीडीएस समेत शीर्ष अधिकारी रहे मौजूद

## बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाना और संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेना था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान सीमा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की।

इस अहम बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक में पश्चिमी सीमा की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और उससे जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तरफ से यह समीक्षा ऐसे समय पर हुई है जब सीमावर्ती क्षेत्रों में गतिविधियों को लेकर सतर्कता बढ़ाई जा रही है। बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाना और संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेना था। बैठक में भारत और पाक डीजीएमओ के बीच हुई वार्ता की भी जानकारी दी गई।

डीजीएमओ के बीच बातचीत को लेकर भी जानकारी साझा की गई



### भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम

भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बाद बीते 10 मई को शाम पांच बजे पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई। भारत से शिकस्त मिलने के बाद आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान अपने घुटने पर आया और तनाव रोकने की भीख मांगने लगा। हालांकि , भारत ने अपने शर्तों के आधार पर ही संघर्ष विराम पर सहमति जताई है। इसके साथ ही भारत ने पड़ोसी को सख्त चेतावनी देते हुए इस बात पर जोर दिया कि किसी भी प्रकार की आतंकी घटना या गतिविधि जंग की शुरुआत मानी जाएगी।

### क्यों शुरू हुआ था तनाव ?

गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई।

## समान नंबर वाले मतदाता पहचान पत्र मुद्दे का हल निकला : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली (भाषा)। निर्वाचन आयोग ने समान नंबर वाले मतदाता पहचान-पत्रों के मुद्दे का समाधान निकाल लिया है और ऐसे कार्ड धारकों को नये नंबर वाले नये मतदाता पहचान-पत्र जारी किये गये हैं। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि समान मतदाता फोटो पहचान पत्र या ईपीआईसी संख्या के मामले अत्यंत कम थे, चार मतदान केंद्रों में औसतन करीब एक। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र स्तरीय सत्यापन के दौरान पाया गया कि समान ईपीआईसी संख्या वाले लोग अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों और अलग-अलग मतदान केंद्रों के वास्तविक मतदाता थे। सूत्रों ने कहा कि प्रत्येक मतदाता का नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में होता है, जहां वह सामान्य निवासी है। सूत्रों ने कहा कि समान संख्या वाला ईपीआईसी होने से ऐसा कोई भी व्यक्ति किसी अन्य मतदान केंद्र पर मतदान नहीं कर सकता। इसलिए, समान ईपीआईसी जारी होने से किसी भी चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ सकता। तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों के बीच, निर्वाचन आयोग ने मार्च में कहा था कि वह अगले तीन महीनों में "दशकों पुराने" मामले का समाधान करेगा। उन्होंने बताया कि काफी समय से लंबित इस मुद्दे के समाधान के लिए, सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और पूरे देश के सभी 4,123 विधानसभा क्षेत्रों के सभी 10.50 लाख मतदान केंद्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के संपूर्ण चुनावी डेटाबेस की पड़ताल की गई।

वायु रक्षा प्रणाली होगी और मजबूत

# भारत ने रूस से अतिरिक्त एस-400 डिफेंस सिस्टम मांगा, आग्रह मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम के सफल इस्तेमाल के बाद, भारत ने रूस से इस प्लेटफॉर्म की अतिरिक्त यूनिट्स की मांग की है।

मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भारत अपनी वायु रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करना चाहता है। पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने में एस-400 सिस्टम ने शानदार भूमिका निभाई है। इसकी सटीकता और प्रभावशीलता को देखते हुए भारत ने यह कदम उठाया है। उम्मीद है कि रूस भारत के इस आग्रह को जल्द ही मंजूरी दे देगा।

'सुदर्शन चक्र' की खासियत यह है कि यह एक साथ कई लक्ष्यों पर निशाना साध सकता है। यह हर तरह के हवाई खतरे से निपटने में सक्षम है।

यही वजह है कि भारत इसे अपनी सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानता है। भारत सरकार अपनी वायु रक्षा प्रणाली को और भी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। एस-400 की अतिरिक्त यूनिट्स मिलने से भारत की सुरक्षा और भी पुख्ता होगी।

'सुदर्शन चक्र' कई लक्ष्यों पर एक साथ निशाना साधने में सक्षम

### दुश्मन के लिए काल साबित हुआ

*भारत ने 2018 में रूस के साथ 5.43 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। इस सौदे के तहत भारत को पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम मिलने थे। पहला सिस्टम 2021 में पंजाब में तैनात किया गया था। इसका उद्देश्य पाकिस्तान और चीन से आने वाले हवाई खतरों से निपटना है। एस-400 सिस्टम चार तरह की मिसाइलें दाग सकता है। यह विमानों, ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और बैलिस्टिक मिसाइलों को भी मार गिराने में सक्षम है। इसका एडवांस्ड फेज-एरे रडार एक साथ 100 से ज्यादा लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है। मोबाइल लॉन्चर की वजह से इसे युद्ध के मैदान में तेजी से तैनात किया जा सकता है।*

### 600 किमी दूर के लक्ष्यों को ट्रैक करता है

*सूत्रों की मानें तो रूस जल्द ही भारत के अनुरोध को स्वीकार कर सकता है। भारत में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को 'सुदर्शन चक्र' के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया के सबसे आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में से एक है। यह 600 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है और 400 किलोमीटर की दूरी पर उन्हें मार गिरा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह सिस्टम अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से कामयाब रहा है और इसकी वजह से पाकिस्तान के तुर्की वाले ड्रोन और चीनी मिसाइलें बुरी तरह मात खा चुकी हैं।*

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी के समर्थन में उतरे नौकरशाह, राजनेता और पत्रकार



ट्रोलर्स पर कानूनी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली ( ब्यूरो)।** भारत पाकिस्तान के बीच गत 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा करने वाले विदेश सचिव विक्रम मिसरी को सोशल मीडिया पर तीखी ट्रोलिंग और व्यक्तिगत हमलों का शिकार होना पडा। ट्रोलिंग इतनी गंभीर थी कि विदेश सचिव को अपना एक्स एकाउंट लॉक करना पडा। इसके बाद भी ट्रोलर्स के बडे गैंग ने विदेश सचिव का पीछा नहीं छोडा। उनके परिजनों को निशाना बनाना जारी रखा। मामला हद से बाहर निकलता देख उनके समर्थन में नौकरशाहों, राजनेताओं और पत्रकारों का एक बडा समूह सामने आया। आश्चर्य की बात ये है कि साइबर अपराधियों की तरह बर्ताव करने वाले इन ट्रोलर्स के खिलाफ किसी तरह की कोई धडपकड की सूचना नहीं है। किसी तरह की कोई शिकायत की सूचना नहीं है। देश हैरान है कि आईके गुजराल, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी जैसे तीन तीन प्रधानमंत्रियों के निजी सचिव की हैसियत से काम कर चुके विक्रम मिसरी को सोशल मीडिया पर इस तरह अपमानजनक तरीके से सोशल मीडिया यूजर्स बर्ताव कर रहे हैं! जब कि सभी को पता है कि मिसरी केंद्र सरकार के फैसलों की जानकारी बस मीडिया तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

## 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 500 डॉलर करने पर बनेगी रणनीति



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों का एक दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ 17 मई से वाशिंगटन में चर्चा करेगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपनी यात्रा के दौरान गोयल के अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक करने की उम्मीद है। यह चार दिवसीय वार्ता (17-20 मई) ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले 'शीघ्र पारस्परिक लाभ' सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं।

## नौकरशाहों पर कसने लगा शिकंजा, भारतीय सौर ऊर्जा निगम के चेयरमैन आरपी गुप्ता समय से पहले रिटायर

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्र की मोदी सरकार ने नौकरशाही में सख्त मैसेज देना शुरू कर दिया है। काम में किसी तरह की हीलाहवाली हुई तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा। जिम्मेदारी तय की जाएगी। आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किये गये कृष्णमूर्ति सुब्रह्मनयन को उनके कार्यकाल से छह महीने पहले ही सेवा समाप्ति की घोषणा कर दी गई। अब भारतीय सौर ऊर्जा निगम के चेयरमैन आरपी गुप्ता को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने की घोषणा कर दी गई। इससे पहले रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) में वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर तैनात रहे के. सुब्रमण्यम को भी उनके कार्यकाल से पहले रिटायरमेंट दी गई थी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सौर ऊर्जा निगम के प्रदर्शन, नीतिगत निर्णयों में देरी, सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप काम न करने पर की गई है। कुछ अनौपचारिक रिपोर्ट्स में प्रशासनिक अक्षमता या नीतिगत मतभेदों का भी जिक्र किया गया है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई। इस फैसले ने नौकरशाही में एक तरह का संदेश दिया है कि सरकार उच्च पदों पर जवाबदेही को लेकर सख्त रुख अपना रही है।

सौर ऊर्जा निगम के प्रदर्शन, नीतिगत निर्णयों में देरी को देखते हुए की गई कार्रवाई

HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT




Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. #The Instant Cashback offer is only applicable in following states – Bihar, Jharkhand, Gujarat, Tamil Nadu, Haryana, Punjab, Chandigarh, Rajasthan, Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Uttarakhand, Chhattisgarh, Puducherry, Dadra & Nagar Haveli, Daman & Diu and Andaman & Nicobar. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR**: Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**